# सवा करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में आज आएंगे 1835 करोड़

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 11 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को जिला भिंड के लहार में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की लगभग एक करोड़ 25 लाख 15 हजार से अधिक बहनों के खातों में सिंगल क्लिक से 1835 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का सीधा अंतरण करेंगे. मप्र सरकार की इस योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को योजना की शुरुआत से अब तक की 38वीं नियमित मासिक किश्त का भुगतान किया जाएगा.**



सीएम लहार में आयोजित कार्यक्रम में राशि करेंगे अंतरित


राज्य सरकार द्वारा माह नवंबर 2025 से इस मासिक आर्थिक सहायता राशि में 250 रुपये की बढ़ोतरी किए जाने के बाद से सभी पात्र हितग्राही महिलाओं को प्रति माह 1,500 रुपये की निरंतर वित्तीय सहायता मिल रही है. योजना की शुरुआत यानी जून 2023 से लेकर जून 2026 तक सरकार द्वारा कुल 37 किश्तों का नियमित अंतरण सफलता पूर्वक किया जा चुका है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में 238.96 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हो चुके 40 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे. साथ ही, क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए 83.33 करोड़ की लागत वाली 16 नई लोक-कल्याणकारी परियोजनाओं का भूमि-पूजन और शिलान्यास भी किया जाएगा.

# ऑनलाइन कोर्स के लिए पंजीकरण शुरू

- घर बैठे कर सकेंगें आईआईटी और आईआईएम से कोर्स
- उच्च शिक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 11 जुलाई. मप्र के कॉलेज छात्र अब घर बैठे देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से ऑनलाइन पढ़ाई कर सकेंगे. उच्च शिक्षा विभाग ने जुलाई 2026 सत्र के लिए स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है. इस संबंध में विभाग ने प्रदेश के सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों सहित सभी शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं.**




जिसके तहत यूजीसी द्वारा स्वीकृत इन ऑनलाइन कोर्सेज की सूची पोर्टल पर जारी कर दी गई है. विभाग ने सभी संस्थानों को निर्देश दिए हैं कि वे इस सूची को अपने सभी डीन, विभागाध्यक्षों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं के बीच प्रचारित करें ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें. वहीं इसके तहत छात्र अपनी पसंद के विषयों का चयन कर निर्धारित अंतिम तिथि से पहले अपना रजिस्ट्रेशन पूरा कर सकते हैं.

### अलग-अलग पाठ्यक्रमों के लिए तय की गई तिथियां

बता दें इन कोर्सेज में प्रवेश के लिए अलग-अलग तारीखें तय की गई हैं. यूजीसी, इग्नू, एआईसीटीई और आईआईएम बेंगलुरु जैसे संस्थानों के पाठ्यक्रमों में पंजीकरण करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त रखी गई है. इसके अलावा आईआईटी मद्रास के एनपीटीईएल पाठ्यक्रमों के पहले सेट के लिए 27 जुलाई और दूसरे सेट के लिए 17 अगस्त तक आवेदन किया जा सकेगा.

## मंत्रालय के गलियारे से

# कब तक खाली रहेगा 5वीं मंजिल का कमरा

कन्हैया लोधी

मंत्रालय की पांचवीं मंजिल में यदि अफसरों को पोस्टिंग मिल जाए तो फिर उसका रसूख बढ़ जाता है. प्रदेश के ताकतवर अफसरों में उनकी गिनती होने लगती है, आखिर सरकार चलाने की बड़ी जिम्मेदारी उनके कंधे पर होती है, लेकिन इस मंजिल का एक कक्ष इन दिनों खाली पड़ा है. दरअसल यहां जो अफसर बैठता है, वह टिक नहीं पाता है. यहां स्थिति आया राम-गया राम की बनी हुईहै. यहां से कुछ समय पहले एक ताकतवर अफसर को नीचे की फ्लोर का रास्ता दिखा दिया गया था, तब से कोई दूसरा अफसर इ ऊपर वाले कक्ष में आने तैयार नहीं है. ऐसे में अब सवाल ये है कि पांचवीं मंजिल का ये कमरा कब तक खाली रहता है, ये देखने वाली बात होगी.



### रिटायरमेंट से पहले काम पर लगा दिया

अपेक्षाकृत बेहद लूप लाइन माने जाने वाले एक विभाग के प्रमुख सचिव ने रिटायरमेंट से पहले मातहतों को काम पर लगा दिया है. दरअसल इस महकमे का मैदानी अमला कागजी खानापूर्ति में ज्यादा व्यस्त रहता है. जमीन पर यदि वाकई काम हो तो फिर प्रदेश की तस्वीर बदलने में देर नहीं लगेगी, लेकिन मैदानी अमला पुरानी जकड़न से बाहर आने आसानी से तैयार नहीं था. साहब ने मॉनीटरिंग का ऐसा सिस्टम बनाया कि सब लाईनअप हो गए. इससे मैदानी अमला उनसे कुछ नाराज भी है, अब पीएस साहब का रिटायरमेंट करीब है, तो कुछ विभागीय अफसर दिन गिनने में लग गए हैं.

### विभाग की कारगुजारियां और मंत्री जी की सफाई

धन-धान्य से भरपूर एक विभाग के अमले की कारगुजारियों का खामियाजा विभाग के मंत्री को भुगतना पड़ रहा है. उन्हें अब सफाई देने की नौबत आ रही है. दरअसल अनाज को इधर से उधर करने में विभाग के अफसर कुछ ज्यादा ही उस्ताद निकल रहे हैं, वे कुछ ज्यादा ही इधर से उधर कर रहे हैं, ऐसा कि किसी को नजर ही नहीं आए, तब मामला उजागर हुआ तो फिर बचाव के रास्ते निकाले जा रहे हैं. गड़बड़ी भी अपने गृह जिला से जुड़ा हुआ है तो फिर सवाल और उठ रहे हैं. बताया जा रहा है कि अब पिछले वर्ष के आंकड़े देकर ये साबित किया जा रहा है कि ये गड़बड़ी नहीं है.

### ड्रग और राजनीति

प्रदेश की राजनीति में ड्रग एक स्थायी मुद्दा बन गया है. प्रदेश में जब-तब अवैध ड्रग के मामले उजागर होते ही रहते हैं. कभी इधर के तो कभी उधर से सफेदपोशों से इन ड्रग कारोबार से जुड़े लोगों के आत्मीय संबंध उजागर होते ही रहते हैं, गलबहियां ऐसी कि क्या ही कहें. अब पिछले दिनों विपक्ष के एक नेताजी लपेटे में आ गए. आखिर उनके करीबी पर पुलिस ने हाथ धर दिया था, बस फिर क्या था, राजनीति की इंट्री तो होनी ही थी, सो हो गई, आरोप-प्रत्यारोप अभी पूरे शबाब पर है.

# राम मंदिर ट्रस्ट की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 11 जुलाई. मध्यप्रदेश कांग्रेस ने शनिवार को राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में कथित वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए ट्रस्ट को तत्काल भंग करने तथा पूरे मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच कराने की मांग की.**

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अतुल लोंढे पाटिल ने आरोप लगाया कि भाजपा ने भगवान राम और करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का राजनीतिक लाभ उठाया तथा अब ट्रस्ट में कथित वित्तीय



गड़बड़ियों के लिए जिम्मेदार लोगों को संरक्षण दिया जा रहा है. इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, स्वदेश शर्मा, कुंदन पंजाबी, अभिनव बरोलिया और आनंद जाट भी मौजूद थे. मुकेश नायक ने आरोप लगाया कि पिछले तीन दशकों में भाजपा ने भगवान राम के समावेशी आदर्शों की जगह राजनीतिक विमर्श को स्थापित करने का प्रयास किया है.

# तीन दिन हल्की बारिश से मिलेगी राहत

**14** जुलाई से फिर तेज होगा मानसून एमपी में

**40** से 50 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगी

**भोपाल, 11 जुलाई. मध्य प्रदेश में 11 से 13 जुलाई तक हल्की से मध्यम वर्षा का दौर जारी रहने की संभावना है. मौसम विभाग ने इस अवधि में कहीं भी भारी बारिश का अलर्ट जारी नहीं किया है.**



जिससे लगातार हो रही वर्षा से प्रभावित जनजीवन और खरीफ फसलों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद है. मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार सक्रिय मानसूनी तंत्र फिलहाल कमजोर पड़ा है, जिसके कारण प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में रिमझिम बारिश होगी. भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर सहित सभी जिलों में गरज-चमक के साथ वर्षा और 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं.

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 14 जुलाई से पाकिस्तान के ऊपर सक्रिय हो रहा नया पश्चिमी विक्षोभ प्रदेश के मौसम को फिर प्रभावित करेगा. इसके प्रभाव से कुछ जिलों में भारी बारिश का नया दौर शुरू होने की संभावना है. विशेषज्ञों का मानना है कि फिलहाल वर्षा की तीव्रता में आई कमी खरीफ फसलों के लिए लाभकारी रहेगी, क्योंकि लगातार बारिश के कारण कई क्षेत्रों में खेतों में जलभराव और फसलों के गलने का खतरा बढ़ गया था.

## पेज एक का शेष

### भारत-न्यूजीलैंड के बीच दस समझौते

दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाते हुए 2030 के लिए एक रोडमैप जारी किया, जिसके तहत प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाया जाएगा. विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 35,000 करोड़ रुपये करने का लक्ष्य तय किया और सहयोग, समन्वय तथा सूचना आदान-प्रदान को मजबूत करने के लिए समुद्री सुरक्षा संवाद स्थापित करने पर सहमति जताई. नई पहलों के तहत न्यूजीलैंड अवैध, अनियमित और बिना सूचना वाली मछली पकड़ने की गतिविधियों से निपटने के लिए हिंद-प्रशांत महासागर पहल (आईपीओआई) के समुद्री सुरक्षा स्तंभ में शामिल हुआ और सतत ऊर्जा परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन में भी शामिल हो गया. दोनों देशों ने कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए कीवी फल कार्य योजना शुरू करने और नागालैंड तथा उत्तराखंड में कीवी फल के लिए दो उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की घोषणा की. इसके अलावा भारत के राष्ट्रीय ध्रुवीय एवं महासागर अनुसंधान केंद्र और न्यूजीलैंड के कैंटरबरी विश्वविद्यालय के बीच अंटार्कटिक अनुसंधान में सहयोग की घोषणा की गई.




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14